

नवभारत
भोपाल, रविवार 29 मार्च, 2026

## एक नजर में

### पटेल जयंती पर पुलिस ने निकाली सायकिल रैली

**गुना।** पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में गुना पुलिस द्वारा साइकिल रैली का आयोजन किया गया। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में 24 अक्टूबर 25 से अक्टूबर 26 तक जिले के समस्त थानों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है । इसी क्रम में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में गुना पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन में एक भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया । इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन में राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना रहा । रैली का शुभारंभ पुलिस लाइन गुना से किया गया जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जिसमें पुलिस अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं आमजन उत्साहपूर्वक शामिल हुए । रैली के माध्यम से यातायात नियमों के पालन, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया । कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के समुचित प्रबंध किए गए थे।

**तैयारियां** — कलेक्टर और एसपी ने पैदल मार्च कर जांची सुरक्षा, 400 जवानों और 500 वॉलंटियर्स का रहेगा कड़ा पहरा

# हनुमान जयंती पर टेकरी सरकार पर लगेगा भव्य मेला

नवभारत न्यूज

**गुना 28 मार्च का। गुना की सुप्रसिद्ध पहचान और आस्था के प्रतीक हनुमान टेकरी पर हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विशाल मेले की तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू हो गई हैं। शनिवार को कलेक्टर किशोर कन्याल और पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने टेकरी रोड बाईपास से लेकर मुख्य मंदिर और मेला ग्राउंड तक पैदल मार्च कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सलूजा, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, अंकुर श्रीवास्तव और मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।**



कलेक्टर और एसपी ने जनप्रतिनिधियों के साथ सर्वप्रथम टेकरी सरकार के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात उन्होंने मंदिर परिसर से लेकर नीचे मेला ग्राउंड तक के मार्ग का सूक्ष्म निरीक्षण किया। कलेक्टर किशोर कन्याल ने बताया कि पिछले वर्ष की तर्ज पर इस बार भी व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। नगर पालिका द्वारा टैंकरों के माध्यम से पर्याप्त पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। टेकरी रोड पर चल रहे निर्माण कार्य और अतिक्रमण के संबंध में कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में प्रशासन की पहली प्राथमिकता मेले को सुचारू और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना है।

**महिला सुरक्षा के लिए तैनात होंगी विशेष मोबाइल पार्टियां**

सुरक्षा व्यवस्था पर जानकारी देते हुए एसपी हितिका वासल ने कहा कि मेले की भव्यता और लाखों श्रद्धालुओं की आमद को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। क्षेत्र में 300 से 400 महिला एवं पुरुष पुलिस जवानों की तैनाती की जाएगी। विशेष रूप से महिला सुरक्षा के लिए इस बार अतिरिक्त बल और मोबाइल पार्टियां निरंतर गश्त पर रहेंगी। एसपी ने बताया कि पिछले वर्षों के अनुभवों के आधार पर कमियों को दूर कर सुरक्षा घेरा और मजबूत किया गया है।

**ट्रस्ट और प्रशासन का समन्वय**

मंदिर को भव्यता से सजाने का कार्य जारी है। मेले के दौरान व्यवस्थाओं को संभालने के लिए मंदिर ट्रस्ट के कम से कम 500 प्रशिक्षित वॉलंटियर्स प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर अपनी सेवाएं देंगे। सभी वालंटियर्स को पहचान के लिए बैच, सीटी, टोपी के साथ उनकी सूची कंट्रोल रूम को उपलब्ध कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि टेकरी सरकार की ख्याति न केवल जिले बल्कि पूरे प्रदेश में है, जहाँ हनुमान जयंती पर लाखों श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुँचते हैं। प्रशासन का लक्ष्य है कि हर श्रद्धालु सुगमता से दर्शन कर सुरक्षित वापस लौटे।

## व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

निरीक्षण के दौरान कानून-व्यवस्था, कंट्रोल रूम की स्थापना, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, खाद्य सुरक्षा, चिकित्सा सुविधा, अग्निशमन व्यवस्था और स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। संबंधित विभागों को सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मंदिर ट्रस्ट समिति ने बताया कि एक दिवसीय इस मेले में हर वर्ष लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं, जिसके मद्देनजर व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

**सीसीटीवी और कंट्रोल रूम से होगी निगरानी**

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या का आकलन करने के लिए हेड काउंट सिस्टम लागू किया जाए। पूरे मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे इस प्रकार लगाए जाएंगे कि उनकी पहचान स्पष्ट रूप से हो सके। साथ ही एक केंद्रीय कंट्रोल रूम स्थापित कर सभी गतिविधियों की सतत निगरानी की जाएगी।

**यातायात और बिजली व्यवस्था पर विशेष ध्यान**

श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक यातायात मार्ग चिन्हित किए गए हैं। पीडब्ल्यूडी विभाग को बूढ़े बालाजी से टेकरी तक सडक़ मरम्मत के निर्देश दिए गए हैं। विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। साथ ही मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण और खुली वायरिंग पर सख्त रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

**स्वास्थ्य एवं आपात सेवाएं रहेंगी मुस्तैद**

मेले के दौरान चिकित्सा टीम, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग को भी मेले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांचने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि हनुमान जयंती आस्था और विश्वास से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है। इसे सुव्यवस्थित और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराना प्रशासन सहित सभी संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है। आज निरीक्षणक के दौरान एडीएम अखिलेश जैन, एसडीएम शिवानी पाण्डे, डिप्टी कलेक्टर एवं प्र.सीएमओ मंजुषा खत्री, एएसपी मान सिंह ठाकुर, तहसीलदार गुना जीएस बैरवा सहित पुलिस एवं जिला प्रशासन के अधिकारीगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि इस अवसर पर उपस्थित रहे।




## भूकंप आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर दिया गया जिला स्तरीय विशेष प्रशिक्षण

**गुना।** जिले में आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शनिवार को कलेक्ट्रेट गुना के जनसुनवाई कक्ष में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें भूकंप आपदा जोखिम न्यूनीकरण विषय पर एवं अतिवृष्टि बाढ़ आपदा में इंप्रोवाइज तरीके से राफ्ट बनाना जैसे बोतल राफ्ट पीपा राफ्ट एवं घायल व्यक्ति को ले जाने की विधियां, तथा सीपीआर की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में संयुक्त कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया, डिप्टी कलेक्टर महिमा चौधरी, होमगार्ड्स कमांडेंट आरके पथरोल, प्लाटून कमांडर होमगार्ड मनोज भदौरिया विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों द्वारा भूकंप के कारण, उसके प्रभाव तथा उससे बचाव के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। प्रतिभागियों को बताया गया कि भूकंप के दौरान किस प्रकार सतर्कता बरतनी चाहिए तथा सुरक्षित स्थानों का चयन कैसे किया जाए। साथ ही आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया (रिस्पॉन्स) और राहत कार्यों के समन्वय पर भी चर्चा की गई। कार्यशाला में प्रतिभागियों को आपातकालीन स्थिति में सही निर्णय लेने और राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। भूकंप के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों को बताया गया कि भूकंप आने पर घबराएं नहीं, तुरंत सुरक्षित स्थान जैसे मजबूत टेबल या दरवाजे के नीचे शरण लें, बिजली के उपकरणों से दूर रहें और खुले स्थान में चले जाएं। ऊंची इमारतों, पेड़ों एवं बिजली के खंभों से दूरी बनाए रखना आवश्यक है।

घरों एवं भवनों को भूकंपरोधी बनाने, आपातकालीन किट तैयार रखने तथा परिवार के सदस्यों को आपदा के समय की योजना से अवगत कराने पर जोर दिया गया।

## मेगा लीगल आउटरीच शिविर में उमड़ा जनसैलाब

नवभारत न्यूज

**गुना।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, केंट गुना में शनिवार को न्याय और सेवा का महाकुंभ मेगा लीगल आउटरीच शिविर के रूप में आयोजित हुआ। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमिताभ मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को उनके कानूनी अधिकारों और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोडऩा रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ अमिताभ मिश्र द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। संबोधन के दौरान अमिताभ मिश्र ने न्याय आपके द्वार की संकल्पना पर जोर देते हुए कहा कि समाज का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक शासन की सुविधाओं और अधिकारों की पहुंच हो। विशेष न्यायाधीश राकेश कुमार जैन ने विधिक सहायता, विधिक सलाह (हेल्पलाइन 15100), मध्यस्थता और नालसा की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन कल्याण विभाग द्वारा करीब 100 दिव्यांगों और वरिष्ठजनों को 15 लाख रुपये की लागत वाली सहायक सामग्री वितरित की गई, जिसमें 30 व्हीलचेयर, 50 श्रवण यंत्र, 50 छड़ियां और 110 कमर के पट्टे शामिल रहे।







## बोर्ड के परिणाम में लक्ष्य पब्लिक स्कूल में आदिवासी छात्रों ने मारी बाजी

**गुना।** हाल ही में जारी हुए बोर्ड परीक्षा परिणाम 2025-26 में कुम्हारी के लक्ष्य पब्लिक स्कूल के कई छात्रों का रिजल्ट हाई स्कोर रहा। विद्यालय के कक्षा 8 वीं के छात्र दीपक बारेला 93.50% राकेश नायक 92.66% अर्पिता धाकड़ 90% अर्पिता धाकड़ 89.83% रिजल्ट रहा वही कक्षा 5 में नंदनी बारेला 88.50%पवन नायक 86.76% अशोक नायक 85% और नैना पटेलिया 84.50% रिजल्ट रहा छात्रों के उत्तीर्ण परिणाम आने पर अभिभावकों ने विद्यालय संचालक नरेश मेहता को साल श्रीफल देकर सम्मानित किया। संचालक नरेश के अनुसार रिजल्ट में इस छोटे से गांव में संचालित विद्यालय का रिजल्ट छात्रों की मेहनत से काफी अच्छा रहा आगे भी स्टाफ के साथ मिलकर रिजल्ट ओर भी अधिक स्कोर में रहे इसकी तैयारी अभी से शुरू कर दी गई है जिससे आदिवासी बाहुल्य इलाके में होने के बाद भी यहां के छात्रों का परीक्षा परिणाम बेहतर हो सके।

## राम नवमी पर अद्भुत नजारा, 5100 दीपों से रोशन हुआ पंचमुखी मंदिर

**गुना। भगवान श्री राम जी का प्रकटोत्सव रामनवमी का पर्व जिले भर में अभूतपूर्व भव्यता के साथ मनाया गया। पंचमुखी श्री हनुमान मंदिर केंट पर मंदिर के महंत श्री सियाराम दास महाराज के सानिध्य में संध्याकाल को 5100 झिलमिल दीपों की रोशनी से मंदिर हुआ सराबोर। महाराज श्री ने बताया कि आज संपूर्ण देश में भगवान श्री राम जी का जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा भाव से भक्तों ने मनाया।**

पंचमुखी मंदिर पर दोपहर ठीक 12 बजे मंदिरों में भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का उल्लास चरम पर रहा। शंख, घंटा-घडय़िाल, ढोल-नगाड़ों और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मंदिरों के कपाट खुले और भगवान श्रीराम के जन्म का उत्सव मनाया गया। नयनाभिराम श्रृंगार में सजे भगवान के दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालु उमड़े। 'भए प्रकट कृपाला, दीन दयाला' के जयघोष के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। दिन भर भंडारा चला जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की ओर सांयकाल 7 बजे दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें भक्तों द्वारा 5100 दीपक लगाकर रामनवमी पर्व को उत्साह के साथ मनाया गया। दीपोत्सव कार्यक्रम में हरि पुजारी, समाजसेवी विकास जैन नखराली सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्ति के साथ भक्तों ने सहभागिता कर भगवान का जन्मोत्सव मनाया।

## सूर्य मंदिर महावीरपुरा से टेकरी तक झूमते-गाते निकले किन्नर



नवभारत न्यूज

**गुना।** शहर की सुख-समृद्धि और जिलेवासियों के कल्याण की कामना को लेकर किन्नर समाज द्वारा शनिवार को एक भव्य चल समारोह निकाला गया। सूर्य मंदिर महावीर से शुरू हुई यह धार्मिक यात्रा जयस्तंभ चौराहा स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर पहुंची, जहां से गाजे-बाजे के साथ किन्नर समाज टेकरी सरकार के दरबार के लिए रवाना हुआ। भगवा वस्त्र धारण किए और हाथों में धर्म ध्वजा लिए किन्नरजन बागी पर सवार होकर नृत्य करते हुए निकले, जिन्हें देखने के लिए सडक़ों पर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। पायल किन्नर ने बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य शहर में खुशहाली और लोगों के भंडार भरे रहने की मंगलकामना करना है। इसी भावना के साथ लक्ष्मीनारायण मंदिर में 21 किलो और सिद्ध पीठ हनुमान टेकरी पर 31 किलो का पीतल का विशाल घंटा भेंट किया गया। शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जब यह जुलूस निकला, तो सर्वधर्म समभाव और अटूट श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। टेकरी धाम पहुंचकर किन्नर समाज ने विशेष पूजा-अर्चना की और जिले की उन्नति के लिए प्रार्थना की।



## नवीन विद्या मंदिर स्कूल का दबदबा, 5वीं-8वीं का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

नवभारत न्यूज

**गुना। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान नवीन विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल ने इस वर्ष पुन: अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। सत्र 2025-26 के वार्षिक परीक्षा परिणामों में विद्यालय के कक्षा 5वीं एवं 8वीं के छात्र-छात्राओं ने अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए 100% सफलता दर्ज की है। होनहार सितारों ने बढ़ाई स्कूल की शान बढाई है।**



परीक्षा परिणामों में विद्यालय के कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर टॉप सूची में जगह बनाई है। दोनों कक्षाओं के शीर्ष 5 विद्यार्थी इस प्रकार हैं:

कक्षा 5वीं के टॉपर्स: प्रभात कुशवाह 87%, वैष्णव धाकड़ 85%, वैदिका कुशवाहा 85%, नित्या ओझा 85%, काजल प्रजापति 83%,

**कक्षा 8वीं के टॉपर्स:** सानिया जाटव 87%, पायल लोधा 83%, पूर्ति धाकड़ 83%, हिमांशु शाक्य 81%, शुभम चंदेल 81% आदि शामिल हैं।

**कड़ी मेहनत और अनुशासन का प्रतिफल**

विद्यालय की इस गौरवशाली उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए स्कूल संचालक श्री नवीन सक्सेना ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के अटूट समर्पण और विद्यालय के सशक्त अनुशासन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिससे न केवल शैक्षणिक बल्कि नैतिक एवं सामाजिक मूल्यों का भी विकास हो सके। इस शानदार परिणाम पर विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शैक्षणिक स्टाफ ने प्रसन्नता जाहिर की है। स्कूल प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की एकाग्रता, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया है। विद्यालय परिवार ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगलकामनाएं कीं।

## मृत्यु की कला सिखाती है भागवत कथा पं. कौशल किशोर शास्त्री

**गुना।** मानस भवन गुना में सात दिवसीय चल रही श्रीमद भागवत कथा के प्रथम दिवस पर वृंदावन धाम से आए भागवत भूषण पंडित कौशल किशोर शास्त्री ने भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि हमें क्या करना चाहिए यह रामायण सिखाती है, हमें क्या नहीं करना चाहिए यह महाभारत सिखाती है और हमें कैसे मरना चाहिए यह भागवत कथा सिखाती है। मृत्यु की कला सिखाती है भगवत कथा। तदाशय की जानकारी अनिरुद्ध सिंह सेंगर ने देते हुए बताया कि कथा का शुभारंभ कलश यात्रा से हुआ। कलश यात्रा सुबह 10 बजे गोपाल मंदिर नयापुरा से प्रारंभ होकर जयस्तंभ चौराहा होते हुए मानस भवन पहुंची। ढोल ढमाकों के साथ चल रही कलश यात्रा में काफी संख्या में महिलाएं बच्चे और पुरुष शामिल हुए। इस कथा की मुख्य यजमान डा उमा शर्मा हैं। दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक चल रही इस कथा में नगर के गणमान्य प्रबुद्धजन , पेंशनर्स काफी संख्या में उपस्थित रहे। जिनमें डा जी के शर्मा, डा ओ पी व्यास, कैलाश नारायण बंसल, एम डी प्रजापति, शैलेन्द्र शर्मा, महेंद्र शर्मा, उषा शर्मा, रंजना शर्मा, मिथलेश सेंगर, डा आर के वर्मा, उदय चतुर्वेदी, मनोज श्रीवास्तव, पार्थ शर्मा , अशोक अग्रवाल, रामेश्वर चौकसे आदि प्रमुख हैं।

## खुदकुशी पर बिजली उपभोक्ता संघ गुस्सा

**गुना।** शहर के नानाखेड़ी क्षेत्र में 1.26 लाख रुपये के बिजली बिल के कारण एक महिला द्वारा आत्महत्या और मासूम बच्ची को मारने के प्रयास की घटना ने अब राजनीतिक और सामाजिक मोड़ ले लिया है। बिजली उपभोक्ता एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य नरेंद्र भदौरिया, लोकेश शर्मा और मनीष श्रीवास्तव ने एक संयुक्त बयान जारी कर इस घटना को प्रशासनिक हत्या करार दिया है। एसोसिएशन ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए सरकार और बिजली कंपनी से तुरंत समुचित मुआवजे की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि समय सीमा में समाधान न करना और बकाया राशि को लाखों तक पहुंचने देना बिजली कंपनी की सेवा में भारी कमी है, जिसका मानसिक दबाव उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है।

# लक्ष्य 2027 : अबकी बार नगर पालिका में कांग्रेस का अध्यक्ष

## जयवर्धन सिंह ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश, रजनीश शर्मा बने गुना शहर के नए सेनापति

**गुना।** मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री , कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने राजीव भवन जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में जिला समन्वय समिति की बैठक ली। इस दौरान गुना शहर कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष रजनीश शर्मा पिंकू को विधिवत पदभार ग्रहण कराया। स्थानीय राजीव गांधी कांग्रेस भवन में आयोजित एक गरिमामय समारोह और कार्यकर्ता बैठक के दौरान जयवर्धन सिंह ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस का अगला मिशन वर्ष 2027 के नगरीय निकाय चुनाव हैं, जिसमें गुना नगर पालिका पर कांग्रेस का परचम लहराना रजनीश शर्मा का मुख्य लक्ष्य होगा।




**विरासत और युवा ऊर्जा का संगम**

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जयवर्धन सिंह ने रजनीश शर्मा के परिवार के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि स्व. कैलाश शर्मा जिले के दिग्गज नेता और पूर्व विधायक रहे, जिन्होंने सदैव कांग्रेस की विचारधारा के अनुरूप जनसेवा की। उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए रजनीश शर्मा ने बहुत कम समय में अपनी मेहनत से जिले में अपनी पहचान बनाई है। श्री सिंह ने कहा, 4 साल पहले जब नगर पालिका के चुनाव हुए थे, तब रजनीश ने पूरी कुशलता दिखाई थी। हम केवल एक टॉस के माध्यम से पीछे रह गए थे, जबकि भाजपा तीसरे नंबर पर आई थी। अब समय आ गया है कि उस कमी को पूरा किया जाए।

**मिशन 2027, वार्ड स्तर पर मजबूती का मंत्र**

जयवर्धन सिंह ने नवमनोनित अध्यक्ष को वर्ष 2027 का लक्ष्य सौंपते हुए कहा कि कांग्रेस नेतृत्व ने रजनीश पर जो भरोसा जताया है, उसे जमीन पर उतरकर सिद्ध करना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि नगर पालिका अध्यक्ष की कुर्सी तक पहुँचने का रास्ता शहर के वार्डों और मोहल्लों से होकर गुजरता है। श्री सिंह ने निर्देश दिए कि हर वार्ड में संगठन की स्थिति को इतना मजबूत किया जाए कि आने वाले चुनावों में चयन समिति के माध्यम से हर सीट पर दमदार उम्मीदवार उतारा जा सके। बैठक के दौरान जयवर्धन सिंह ने केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की मोहन यादव सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि सरकारों की नीतियां पूरी तरह विफल साबित हुई हैं। गैस और तेल की बढ़ती कीमतें आम आदमी की कमर तोड़ रही हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को टास्क दिया कि वे महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को घर-घर तक पहुँचाएं और भाजपा की विफलताओं को उजागर करें। अध्यक्ष रजनीश शर्मा ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे सभी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलेंगे। उन्होंने संकल्प लिया कि 2027 में गुना नपा में कांग्रेस का अध्यक्ष बैठाना ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरी पक्षकार Truhome Finance limited ब्रांच गुना द्वारा, राजेश सिंह के हित में ऋण प्रदाय किया जा रहा है, उक्त प्रक्रिया में भूमि जो कि भूखण्ड क्र. 63. प.ह.न. 14, वार्ड न0 23, क्षेत्रफल 528 वर्ग फीट ग्राम कर्माखेडी तहसील राघौगढ जिला गुना में स्थित हैं। उक्त भूखण्ड जो पूर्व में प्रीतम सिंह पुत्र श्री खुशाल सिंह राजपूत के अधिपत्य का था, प्रीतम सिंह की मृत्यू के पश्चात नगरपालिका राघौगढ द्वारा प्रमाण पत्र राजेश सिंह राजपूत के नाम जारी किया गया था। इसके पश्चात विक्रेता राजेश सिंह राजपूत पुत्र प्रीतम सिंह उर्फ पीतम सिंह राजपूत द्वारा क्रेता श्रीमति अनीता राजपूत पत्नि श्री राजेश राजपूत को विक्रय पत्र कराया गया था।, जिसका दस्ता. क्र. MP13352021A1330366 दिनांक 31/03/2021 है, यह कि, राजेश सिंह द्वारा उक्त भूखण्ड को Truhome Finance limited ब्रांच गुना में बंधक रख कर लोन प्राप्त किया जा रहा है।
यदि उक्त भूखण्ड या उक्त विक्रय पत्र या संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, बैंक अथवा संस्था का हिस्सा एवं हक हो या कोई आपत्ति हो तो आज से सात दिवस के भीतर दस्तावेज सहित मुझ से सम्पर्क करें। समय सीमा पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी

सूचना कर्ता-
शलभ पारीक, एड्वोकेट
31/248 आदर्श कॉलोनी गुना
फोन-9425746155

**न्यायालय तहसीलदार तहसील गुना नगर जिला गुना म.प्र.**

क्रमांक / री -1/2026 /1014 गुना दिनांक 26/03/26

विज्ञप्ति प्रकाशन प्रारूप

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम कुशमौदा स्थित भूमि सर्वे नं0 255/1/1/1/31 रकवा 0.209 हे0 मेसे 1620 वर्गफिट भूमि का विक्रय पत्र क्रमांक 3754 दिनांक 23/02/2011 से केता जयकिशन पुत्र बालचन्द लालवानी नि0 गुना के द्वारा विक्रेता नितेन्द्र कुमार शुक्ला पुत्र रामदास शुक्ला से कय की गयी थी। जिसका नामांतरण पंजी कमांक 232 आदेश दिनांक 14/03/2011 से स्वीकृत हुआ था। जिसे विक्रेता जयकिशन पुत्र बालचन्द लालवानी नि0 गुना विक्रय पत्र क्रमांक 1347 दिनांक 14/07/2012 से केता संजय सोभवानी पुत्र हेमनदास सोभवानी तथा विक्रय पत्र कमांक 1345 दिनांक 24/07/2012 से केता रितु भवनानी पत्नी कमल भवनानी के द्वारा क्रय की गयी थी। जिसका नामांतरण प्रकरण क्रमांक 28 आदेश दिनांक 03/09/2012 एवं नामातरण पंजी क्रमांक 27 आदेश दिनांक 03/09/2012 से क्रेता के हित में स्वीकृत हुआ एवं भू-अधिकार पुस्तिका भी प्राप्त की गयी थी। हस्तलिखित पंचशाला खसरा वर्ष 2010-11 से 2014-15 में रितु भवनानी पत्नि कमल भवनानी एवं संजय सोभवानी पुत्र हेमनदास सोमवानी के नाम अंकित था। किंतु वर्तमान राजस्व अभिलेख वर्ष 2025-26 में आवेदक के नाम अमल न होने के कारण उक्त भूमि का राजस्व अभिलेख में अमल करते हुये क्रेता संजय सोमवानी पुत्र हेमनदास सोभवानी एवं रितु भवनानी पत्नि कमल भवनानी निवासी सोनी कॉलोनी गुना के हित में राजस्व रिकॉर्ड में अमल किये जाने हेतु इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जो न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 0166/ बी-121/2025-26 से प्रचलित है।
अत: इस संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति इस न्यायालय में विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक 02/04/26 के अंदर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद म्याद गुजरनें पर की गई आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

( जी.एस. बैरवा )
तहसीलदार, तहसील गुना नगर